बिहार सरकार
समाहरणालय, लखीसराय
(जिला प्रोग्राम कार्यालय लखीसराय)

Contact Number-9431005054

Email id–issniplakhisarai@gmail.com

विज्ञापन संख्या–01/2024

अनुबंध के आधार पर ऑगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के रिक्त पद पर नियोजन संबंधित विज्ञापन

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि जिले में समेकित बाल विकास सेवाएँ (ऑगनवाड़ी सेवाएँ) अंतर्गत ऑगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पदों पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु विभागीय मार्गदर्शिका ज्ञापांक–1846 दिनांक–10.06.2010 एवं संशोधन पत्रांक–5994 दिनांक–31.12.2018 के आलोक में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाना है। नियोजन हेतु जिले में रिक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना जिले की बेबसाईट https://lakhisarai.nic.in/notice_category/recruitment/ एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय लखीसराय से प्राप्त किया जा सकता है। महिला पर्यवेक्षिका के नियोजन की विस्तृत सूचना यथा– अर्हता/रिक्त पद/आवेदन देने की प्रक्रिया/विभिन्न स्तरों के लिए समय–सीमा का निर्धारण आदि संबंधित जिले की बेबसाईट https://lakhisarai.nic.in/notice_category/recruitment/ एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।

- ऑगनवाड़ी सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन पोर्टल का लिंक http://125.16.175.140:88/VacancyList.aspx/ http://125.16.175.140:88/Default.aspx पर अपना पंजीकरण कर आवेदन समर्पित कर सकेंगे।
- आवेदिका का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्त्तीर्ण या समकक्ष होगें।
- आवेदिका चयन वर्ष की पहली जनवरी को 10 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण किये हो।
- आवेदिका संबंधित जिला क्षेत्र की स्थायी निवासी हो। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी का आवासीय प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा।
- आवेदिका रिक्त पदों पर नियोजन हेतु सही–सही ऑनलाईन आवेदन विज्ञापन प्रकाशन के अगले 21 दिनों तक कर सकते है। आवेदिका अपने पूर्णतः भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट निकाल कर अवश्य रखेगे।
- चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन का प्रिंट आउट के साथ सभी अभ्यर्थी को जाति प्रमाण–पत्र, आवास प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, सभी अंक पत्र, जन्म तिथि से सबंधित शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा प्रद्त चरित्र प्रमाण–पत्र इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को इस आशय का अंडरटेकिंग देना अनिवार्य होगा कि वे नियमित नियुक्ति का दावा नही करेगे। वांछित प्रमाण–पत्र आवेदक द्वारा आवेदन देने की निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।
- विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी लखीसराय के अधीन है। जिला पदाधिकारी लखीसराय विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

जिला पदाधिकारी
लखीसराय

L <23>1317